तापमान
अधिकतम 37 .6 डिग्री
न्यूनतम 25 .8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, सोमवार, 7 जुलाई 2025

12 मेयर ने सफाई अधिकारियों को लगाई फटकार



12 कैंटोनमेंट बोर्ड के खिलाफ लोगों ने शुरू किया आंदोलन



## खबर संक्षेप

### आइसक्रीम वाले से लूट के आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** सीआईए टू पुलिस टीम ने हुडा सेक्टर 24 के पास उग्राखेड़ी मोड़ पर आइसक्रीम वाले से चाकू की नोक पर नगदी व मोबाइल फोन लूट करने वाले तीन आरोपियों पवन निवासी विद्यानंद कालोनी, भारत नगर, कमल निवासी गांव जलमाना, नितिन निवासी गांव चूनसा जिला शामली, यूपी को गिरफ्तार किया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि लूट के इस मामले में थाना चांदनी बाग में गांव मधईपुर खांडे गोंडा यूपी हाल किरायेदार उझा रोड निवासी अनिल यादव की शिकायत पर केस दर्ज है।

### शराब ठेके पर मारपीट कर लूट का आरोपी काबू

**पानीपत।** पानीपत के गांव खुखराना में शराब ठेके पर मारपीट कर लूट करने के पाचवें आरोपी विशाल निवासी गांव नारा जिला पानीपत को सीआईए थ्री पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने बताया कि इस केस में साहिल, सुमित, साहिल निवासी गांव नारा व वैसरी गांव निवासी अमन को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। जबकि इस मामले में थाना पुराना औद्योगिक में नारा गांव निवासी रामजस खर्ब की शिकायत पर केस दर्ज है।

### दुकान के गल्ले से की नकदी और फोन चोरी

**पानीपत।** पानीपत में पुरानी सब्जी मंडी के नजदीक शिव चौक पर सचिन की दुकान का शटर उखाड कर चोरों ने गल्ले से 1 लाख 75 हजार रुपए कैश व 3 मोबाइल फोन चोरी कर लिए। सचिन की शिकायत पर पुलिस व एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की जांच की। इधर, पुलिस ने दुकान मालिक सचिन की शिकायत पर अज्ञात चोरों पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने जहां सचिन की दुकान के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की, वहीं चोरी की इस वारदात से शिव चौक के दुकानदारों में भय का माहौल बना हुआ है।

### मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में गिरफ्तार

**पानीपत।** एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने मादक पदार्थ की तस्करी करने के आरोप में पंकज पुत्र रामधन निवासी गांव खोतपुरा जिला पानीपत को 1 किलो 516 ग्राम गांजा सहित काबू किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि पुलिस टीम ने ड्यूटी मेजिस्ट्रेट एईटीओ सौरभ जैसवाल की मौजूदगी में आरोपी से मादक पदार्थ बरामद किया है। वहीं, आरोपी पर थाना सेक्टर 13/17 में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया और पंकज के साथियों को पकडने के लिए उसे कोर्ट में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

### कुरुक्षेत्र के जिला कार्यालय 'गीता कमल' का उद्घाटन समारोह

# देश को विकसित राष्ट्र बनाने में भाजपा कार्यकर्ताओं का रहेगा योगदान : सुमन

## कार्यकर्ताओं को भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ बताया

- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम नायब सैनी ने वर्चुअल माध्यम से किया उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि देश को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं का अहम योगदान रहेगा। इस पार्टी के एक एक कार्यकर्ता की राष्ट्रवादी विचारधारा, संगठनात्मक और सेवा भावना की सोच है।

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी रविवार को कुरुक्षेत्र के जिला कार्यालय गीता कमल के उद्घाटन समारोह में बोल रही थी।



इससे पहले भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जयप्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बडोली ने वर्चुअल माध्यम से जुड़कर जिला कार्यालय गीता कमल का उद्घाटन किया। हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्ष सुमन सैनी ने कहा कि प्रदेश के जवान देश की सीमा की रक्षा करते हुए अपने प्राण तक नौछावर कर देते हैं, किसानों ने धरती को अपने पसीनो से सिंचा है और देश के नागरिकों का पेट भरने के लिए अन्न पैदा किया है। इसी तरह कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी की रीढ़ है, जो मौका आने पर अपना खून पसीना बहाते हुए पार्टी के लिए काम करते हैं।

उन्होंने कहा कि आज श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर नमन है। इस के साथ ही धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र के गीता कमल कार्यालय के उद्घाटन होने पर सभी को बधाई व शुभकामनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल इमारत नहीं है बल्कि यह पार्टी का प्रचार, प्रसार, रीति, रिवाज को जन-जन तक पहुंचाने का एक केंद्र है। शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि कुरुक्षेत्र में धर्म अधर्म पर हुए महाभारत युद्ध के दौरान गीता पैदा हुई। युद्ध के दौरान अर्जुन ने हताश और निराश होकर अपने हथियार गिरा दिए थे, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्म ज्ञान व भक्ति ज्ञान का संदेश दिया, जिसमें मनुष्य का उद्देश्य स्पष्ट कर दिया और दुनिया भर में इसकी चर्चा हुई। उन्होंने कहा की गीता के संदेश को देश की जनता ने वर्ष 2014 में कांग्रेस रूपी कौरवों को चुनाव में हराकर सार्थक किया।

### भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी : महिपाल ढांडा

शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने कहा कि पार्टी की रीति और नीति को जन जन तक लेकर जाने की जरूरत है। इस समय भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बन चुकी हैं। भाजपा ने गीता की राह पर चलते हुए देश में सबका साथ, सबका विश्वास, सबका विकास और सबका प्रयास से विकास किया है, जिसे आगे भी निरंतर जारी रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं को अपने दल को मजबूत बनाकर रखे जाने का काम करना है। भाजपा गीता की राह पर चलते हुए ज्ञान भक्ति और कर्तव्य की पहचान बनी है। उन्होंने उम्मीद जताई कि कार्यकर्ता इसी तरह से अपनी पार्टी को आगे बढ़ते हुए इस कार्यालय की शोभा को बढ़ाएंगे। इस मौके पर शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, भाजपा जिला अध्यक्ष तिजेंदर सिंह गोल्डी, मुख्यमंत्री के मीडिया कोऑर्डिनेटर तुषार सैनी, चेयरमैन धर्मवीर मिर्जापुर, चेयरमैन धर्मवीर डागर, जिप चेयरपर्सन कंवलजीत कौर, नपा अध्यक्षा माफी ढांडा, चेयरमैन जयसिंह पाल, पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील राणा, प्रदेश महामंत्री अर्चना गुप्ता, भाजपा नेता सुभाष कलसाना, प्रदेश सचिव राहुल राणा, जिला मीडिया प्रभारी शैलेश वत्स, रवि बतान सहित भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस स्टेशन के बाहर सब इंस्पेक्टर की धुनाई

- पुलिसकर्मी लाइन हाजिर किया व मारपीट करने वालों पर केस दर्ज, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

बीती देर रात्रि सदर पुलिस स्टेशन के बाहर कुछ लोगों द्वारा एक सब इंस्पेक्टर के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। इसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें एक व्यक्ति पुलिसकर्मी को थप्पड़ मुक्के मारता दिखाई दे रहा है व कथित तौर पर पुलिस कर्मी के नशे में होने के कारण बताया जा रहा है।

वहीं इस मामले को लेकर ढांड रोड पर रहने वाली महिला गीता ने बताया कि उसका पति संजय कुमार ढांड रोड पर ढाबा चलाता है। शनिवार रात उसकी बेटी बीमार थी। उसको दवा दिलाने के लिए उसने पति को फोन किया था, मगर उसने फोन नहीं उठाया। कुछ देर बाद वो ढाबे पर गई तो यहां ढाबा बंद मिला।उसने दोबारा फोन किया तो दूसरे ढाबे वाले ने फोन उठाकर बताया कि उसका पति उसके पास ही बैठा हुआ है। उसने मौके पर पहुंचकर डायल-112 को फोन कर दिया। डायल-112 ने मौके पर पहुंचकर उनको सदर थाने में लेकर आ गई। महिला ने आरोप लगाया कि इस दौरान थाने में मौजूद एक सब इंस्पेक्टर ने उसके पति के साथ बदसलूकी करते हुए थप्पड़ मार दिया। इस पर परिवार के लोग भड़क गए। वहीं वायरल वीडियो में साफ नजर आ रहा है कि देखते ही देखते परिवार के एक व्यक्ति ने पुलिसकर्मी को गले से पकड़ कर मारपीट शुरू कर दी।

परिवार ने पुलिसकर्मी पर पैसे मांगने का भी आरोप लगाया है। पुलिस ने सब इंस्पेक्टर की शिकायत पर सरकारी डयूटी में बाधा पहुंचाने, व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में दंपति संजय,गीता ,बिट्टू व 1 अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

### मामले की जांच

इस बारे बात करने पर डी.एस.पी. निर्मल सिंह ने बताया कि पुलिस मामले की गहराई से जांच कर रही है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक से कर्मी को लाइन हाजिर करने व विभागीय जांच की सिफारिश की गई है। इसके अलावा पुलिसकर्मी से मारपीट करने के आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया जा रहा है।

# लाखों रुपये की हेरोइन के साथ सप्लायर गिरफ्तार

- एंटी नारकोटिक्स सेल ने आरोपी सप्लायर से बरामद की 18 लाख रुपये की 271 ग्राम हेरोइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिला पुलिस की एंटी नारकोटिक सेल की टीम ने गांव तिगरी दुसानी मोड़ के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 271 ग्राम हेरोइन बरामद की। आरोपी से पकड़ी गई हेरोइन की कीमत करीब 18 लाख रुपये बताई जा रही है। आरोपी पर उत्तर प्रदेश व हरियाणा में नशा सप्लाई करने के संबंध में करीब 20 मामले दर्ज हैं। जो कोर्ट में विचाराधीन है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया है।

एंटी नारकोटिक सेल की टीम के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि उनके टीम को सूचना मिली कि उत्तर प्रदेश का एक नशे का सप्लायर नशे की बड़ी खेप लेकर जिले में बेचने के लिए बाइक पर सवार होकर आएगा। गुप्त सूचना के आधार पर सब इंस्पेक्टर सतपाल सिंहए सोनूए एएसआई जसवीर सिंह हैप्पीए जयपाल मराठा व विमल ललित की टीम का गठन किया गया। टीम ने मौके पर जाकर तिगरी दुसानी मोड पर नाकाबंदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। टीम को जैसे ही उत्तर प्रदेश की ओर से बाइक आती दिखाई दी तो उसे रुकने का इशारा किया मगर आरोपी बाइक चालक तेज गति से बाइक को भागने लगा। टीम ने आरोपी का पीछा कर उसे कुछ दूरी पर जाकर पकड़ लिया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट को बुलाया गया। जिसके सामने पकड़े गए आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास से 271 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। जिसकी कीमत पुलिस के अनुसार करीब 18 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर के गंगोह के गांव बाड़ी माजरा निवासी इरफान के नाम से हुई। आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे रिमांड पर लिया गया।





**यमुनानगर।** एंटी नारकोटिक सेल की टीम द्वारा पकड़ा गया आरोपी नशा तस्कर।

### आरोपी पर 20 केस

सेल के इंचार्ज अरुण कुमार ने बताया कि आरोपी पर उत्तर प्रदेश में नशा तस्करी सहित विभिन्न धाराओं में 17 मुकदमे दर्ज है। जो कोर्ट में विचाराधीन है। आरोपी उत्तर प्रदेश में 300 ग्राम हेरोइन के साथ पकड़ा गया था। आरोपी इस मामले में दो महीने पहले ही जेल से जमानत पर आया था। आरोपी ने आते ही फिर से जिले में नशे की सप्लाई शुरू कर दी। आरोपी पर 2022 में यमुनानगर में भी दो मामले इसी प्रकार के दर्ज है। आरोपी का घर भी उत्तर प्रदेश सरकार ने नशे को लेकर ही सीज किया हुआ है। पुलिस का दावा है कि इतना बड़ा सप्लायर पकड़े जाने के बाद जिले में कहीं ना कहीं नशे पर लगाम लगेगी।

# स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए 32 सदस्यीय टीम रवाना

- यह प्रतियोगिता 7 से 12 जुलाई तक बहादुरगढ़ में आयोजित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित एक समारोह में ऑल वेदर स्विमिंग पूल, वार हीरोज मेमोरियल स्टेडियम, अंबाला छावनी में 32 खिलाड़ियों की टीम को स्टेट स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए रवाना किया गया। यह प्रतियोगिता 7 से 12 जुलाई 2025 तक बहादुरगढ़ में आयोजित की जा रही है।

एसोसिएशन की ओर से सभी खिलाड़ियों को टी-शर्ट वितरित की गई तथा उनके उज्जवल प्रदर्शन की कामना करते हुए टीम को रवाना किया गया। एसोसिएशन के प्रधान राजिंदर विज ने जानकारी दी कि पिछले वर्ष इस प्रतियोगिता में अंबाला के खिलाड़ियों ने 42 पदक जीतकर जिले का नाम रोशन किया था। अंबाला का स्विमिंग पूल काफी समय से बंद पड़ा है जिससे खिलाड़ियों की संख्या में गिरावट आई है। उन्होंने प्रशासन से इस विषय में गंभीरता से ध्यान देने की अपील की। प्रधान ने अंबाला के सभी स्कूलों के प्राचार्यों से आग्रह किया कि वे अपने छात्रों को इस स्विमिंग पूल का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें ताकि अधिक से अधिक बच्चे तैराकी की ओर आकर्षित हों और उन्हें उपलब्ध सुविधाओं का लाभ मिल सके। इस अवसर पर एसोसिएशन के उप प्रधान शमा लांबा, सचिव रामस्वरूप शर्मा, खजांची लोकेश, तथा खिलाड़ियों के अभिभावक उपस्थित रहे।



**अंबाला।** रवाना होने से पहले एकजुट स्विमिंग टीम।

# पांच बेटियों के लिए छात्रवृत्तियों की घोषणा

**कुरुक्षेत्र।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एम3एम फाउंडेशन के सहयोग से कुरुक्षेत्र की पांच असाधारण प्रतिभाशाली बेटियों के लिए फाउंडेशन की प्रमुख 'साक्षर' पहल के तहत आजीवन छात्रवृत्तियों की घोषणा की।

इसमें उनकी अपनी लाडवा निर्वाचन क्षेत्र की चार प्रतिभाशाली छात्राए भी शामिल है जो शिक्षा के माध्यम से बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में एक मनोबल बढ़ाने वाला कदम है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने हरियाणा की इन पांच बेटियों के साथ अपनी बैठक के दौरान कहा कि शिक्षा हमारी बेटियों में किया जाने वाला सबसे शक्तिशाली निवेश है। मैं एम3एम फाउंडेशन द्वारा इस पहल का समर्थन करने पर गर्व महसूस करता हूँ और यह सुनिश्चित करता हूँ कि हरियाणा की ये प्रतिभाशाली बेटियाँ वित्तीय सीमाओं के कारण अपने सपनों को रुकने नहीं देंगी। यह छात्रवृत्ति उनके भविष्य के लिए एक वादा है।



## ट्रेन के भीतर से ही राज्य मंत्री ने किया ट्रैक का मुआयना

- चंडीगढ़- दिल्ली रेलवे ट्रैक का मुआयना करने के लिए विशेष ट्रेन में सवार होकर निकले राज्यमंत्री

**अंबाला।** चंडीगढ़-दिल्ली रेल खंड का रविवार को रेल राज्य मंत्री रवनीत बिट्टू ने निरीक्षण किया। इस दौरान उनकी विशेष ट्रेन अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर भी कुछ देर के लिए रुकी। उनकी सुरक्षा को लेकर स्टेशन पर आरपीएफ के साथ जीआरपी की टीम भी तैनात रही। लगभग 10 मिनट के बाद उनकी ट्रेन दिल्ली की तरफ रवाना हो गई। रेल राज्य मंत्री ट्रेन के अंतिम डिब्बे में बैठे थे। यहां से वो एक कांच की खिड़की के माध्यम से रेलवे ट्रैक का निरीक्षण कर रहे थे। हालांकि इस दौरान वो ट्रेन से नीचे नहीं उतरे। लेकिन उनकी सुरक्षा से जुड़े कर्मचारी ट्रेन के ईद-गिर्द घेरा बनाकर खड़े रहे। जानकारी अनुसार चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू लगातार दौरे कर रहे हैं ताकि यात्रियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रेलवे स्टेशन मिल सके। चंडीगढ़ रेलवे स्टेशन के निर्माण का कार्य रेल भूमि विकास प्राधिकरण द्वारा करवाया जा रहा है और इस पर लगभग 462 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं। इस वर्ष अक्टूबर तक स्टेशन के निर्माण को पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

### पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# जन शिकायतों का समय पर प्रभावी हो समाधान

- जिला सचिवालय में अपराधों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस विभाग के अधिकारियों की आयोजित हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने कहा कि जनता की शिकायतों का पुलिस अधीकारी समय पर प्रभावी ढंग से समाधान करें। उन्होंने जिला सचिवालय में अपराध पर नियंत्रण करने को लेकर आयोजित पुलिस अधिकारियों की बैठक में उक्त निर्देश दिए।

मौके पर पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर का जिला सचिवालय पहुंचने पर पुलिस महानिरीक्षक शिवास कविराज, पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिया, पुलिस अधीक्षक करनाल गंगाराम पूनिया, पुलिस अधीक्षक राजवीर देशवाल व एडिशनल एसपी अमरेंद्र सिंह ने स्वागत किया। पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने बैठक में सबसे पहले यमुनानगर जिले में क्राइम के मौजूदा हालात और पुलिस की कार्यप्रणाली पर फीडबैक लिया। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनता की शिकायतों का समय पर प्रभावी ढंग से समाधान किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस को हर स्तर पर सतर्क रहना होगा। किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस महानिदेश शत्रुजीत कपूर ने कहा कि फील्ड में रहने वाले अधिकारियों को जिम्मेदारी और जवाबदेही के साथ काम करना चाहिए।





**यमुनानगर।** जिला सचिवालय में आयोजित पुलिस अधिकारियों की बैठक में दिशा निर्देश देते हुए पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर।

### मुस्तैदी के साथ काम करें

उन्होंने सभी पुलिस अधिकारियों को अपराध पर प्रभावी नियंत्रण और लोगों का भरोसा बनाए रखने के लिए पूरी मुस्तैदी के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पुलिस अधिकारी हर शिकायत को गंभीरता से लें और उसका समाधान तय समय में करें । ताकि जनता को न्याय मिल सके। मौके पर पुलिस महानिदेश शत्रुजीत कपूर ने पुलिस अपराधों पर नियंत्रण करने के लिए पुलिस अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की।

## अंबाला-जयपुर बस सेवा फिर शुरू, तीन महीने से बंद थी सर्विस

**अंबाला।** अंबाला से जयपुर के लिए रोडवेज ने दोबारा से सामान्य बस का संचालन शुरू किया है। इस बस में जयपुर का किराया 540 रुपये है। पिछले तीन महीने से अंबाला-जयुपर मार्ग पर बस का संचालन बंद था। जिसके कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। रोडवेज अधिकारियों ने जयपुर के लिए दो बसें लगाई हैं।

इसमें एक बस अंबाला छावनी से और दूसरी बस जयपुर से संचालन कर रही है। अंबाला सिटी बस अड्डे से रोजाना यह बस सुबह 4:40 बजे यात्रियों को लेकर जयपुर के रवाना होती है। इसके बाद यह बस अंबाला छावनी, पिपली, करनाल, पानीपत, दिल्ली, गुडगांव, धारूहेडा, पावर चौक, सांझापुर, इमराना, बहरोड, कोटपुतली, पांवटा, साहबपुरा, मलौरपुर होते हुए शाम 3:30 बजे से लेकर 4 बजे तक जयपुर पहुंचती है।

# गोदाम से अवैध यूरिया के 450 कट्टे बरामद

- पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

कृषि विभाग की टीम ने गांव बीबीपुर व कनालसी के बीच में एक गोदाम में छापामारी कर वहां पर अवैध रूप से रखें 450 यूरिया खाद के कट्टे बरामद किए हैं। बताया जा रहा है कि यह यूरिया खाद कृषि योग्य खाद था। जिसे प्लाईवुड फैक्ट्री में सप्लाई करने के लिए रखा गया था। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार कृषि विभाग के उपमंडल अधिकारी अजय कुमार ने बूडिया पुलिस थाने में दी शिकायत में बताया कि उसे शनिवार शाम को सूचना मिली थी कि गांव बीबीपुर व कनालसी के बीच में एक गोदाम बना हुआ है। जहां पर यूरिया खाद के अवैध कट्टे रखे हुए हैं।

सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर गोदाम में छापामारी की। इस दौरान उन्हें वहां से यूरिया खाद के 450 कट्टे बरामद हुए। उन्होंने बताया कि यूरिया खाद को अवैध रूप से गोदाम में रखा गया था। कृषि योग्य इस खाद को प्लाईवुड फैक्ट्री में सप्लाई किया जाना था। उपमंडल कृषि अधिकारी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

## खबर संक्षेप

### 5 लाख कैशलेस योजना लागू करने की मांग

**करनाल।** हरियाणा पत्रकार संघ की जिला इकाई की बैठक पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित की गई, जिसमें प्रदेशाध्यक्ष श्री के.बी. पंडित की अध्यक्षता में कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए। संघ ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मांग की कि वर्ष 2018 में घोषित की गई 5 लाख रुपये की पत्रकार कैशलेस चिकित्सा योजना को तुरंत लागू किया जाए। यह प्रस्ताव सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकारों के समर्थन से पारित किया गया। बैठक में के.बी. पंडित के साथ पूर्व जिलाध्यक्ष कमल मिड्डा, वरिष्ठ पत्रकार तेज बहादुर टिक्कू, देव शर्मा, सोमदत्त शर्मा, पत्रकार अश्विनी शर्मा, सुरेंद्र पांचालआदि रहे।

### भाईचारा व सांस्कृतिक एकता ही राष्ट्र की नींव

**करनाल।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय 'कर्ण कमल' में 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' अभियान विषयक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रवीण लाठर ने की और मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश प्रवक्ता मनीष पांडे विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में जिला संयोजक रमेश कश्यप, सह-संयोजक सुधीर यादव, लेखराज गर्ग, मेवा सिंह पाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अशोक सुखीजा, चेयरपर्सन निर्मला बैरागी, राजबीर शर्मा, सज्जन अत्री, सुभाष कश्यप, रणबीर गोयत, संजय राणा, जोगिन्द्र राणा, अमित कम्बोज सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### हड़ताल में भाग लेगा संयुक्त किसान मोर्चा

**कुरुक्षेत्र।** संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन 9 जुलाई को होने वाली ट्रेड यूनियनों की देशव्यापी हड़ताल में कुरुक्षेत्र में बढ़-चढ़कर भाग लेगा। यह जानकारी संगठन के जिलाध्यक्ष कामरेड राजकुमार सारसा व जिला सचिव कामरेड कृष्ण ने जारी बयान में दी। उन्होंने कहा कि जैसे देश की मेहनतकश जनता केंद्र व राज्य सरकारों की जनविरोधी नीतियों से त्रस्त है उसी तरह देश का किसान भी सरकार की इन कापोरेट परस्त नीतियों से परेशान है। खेती घाटे का सौदा बनी हुई है, इसमें लागत ज्यादा और आमदनी कम है। खराब हुई फसलों का मुआवजा नहीं मिलता।

## पीडब्लूडी विश्राम गृह में सुनी आमजन की समस्याएं, मौके पर समाधान

# विधानसभा अध्यक्ष ने हलके को दी 1. 20 करोड़ के सात विकास कार्यों की सौगात

### आपसी भाईचारा बनाकर रखें, तभी वातावरण अच्छा होगा और समाज तरक्की करेगा: हरविन्द्र कल्याण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने घरौंडा हलके को बड़ी सौगात देते हुए 1 करोड़ 20 लाख रुपये के 7 विकास कार्यों की सौगात दी है। उन्होंने रविवार को हलके में अलग-अलग जगह आयोजित कार्यक्रमों में 7 विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास किया। इसके साथ-साथ उन्होंने घरौंडा के पीडब्लूडी विश्राम गृह में आमजन की समस्याओं को भी सुना और मौके पर ही उनका समाधान भी किया।

इस दौरान आमजन को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि 11 साल पहले यह क्षेत्र विकास के मामले में पूरी तरह से अपेक्षित था। सरकार ने नियमों में संशोधन करके क्षेत्र की कई अवैध कॉलोनियों को अप्रूव्ड कराया और उनमें मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई। इससे आम लोगों को भी लाभ मिला। सरकार का प्रयास है कि हर गांव में सुंदर पार्क और ई-लाइब्रेरी बने। पहले नौकरियां मंत्रियों के चहेतों अथवा रिश्तेदारों को दी जाती थी लेकिन अब मेरिट पर दी जा रही हैं। पार्कों का सौंदर्यकरण एवं विस्तारीकरण किया जा रहा है और जरूरत अनुसार नए स्कूल-कॉलेज खोले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि समाज हित में कार्य करने से ही व्यक्ति बड़ा बनता है। उन्होंने लोगों से कहा कि आपसी भाईचारा और सुख- शांति बनाए रखें, परिवार के लिए मेहनत करें और विकास कार्यों में राजनीति न करें। वातावरण जितना अच्छा होगा समाज उतना ही तरक्की करेगा। इसी स्कीम के तहत इसी गांव में नरेंद्र राणा के खेत तक के 17 किले लंबे रास्ते का भी उद्घाटन किया जिस पर 20.85 लाख रुपए खर्च हुए हैं। नगला मेघा सड़क से सुरेश शर्मा के खेत तक आठ किले लंबे रास्ते और पीडब्ल्यूडी रोड से रामकुमार सैनी के डेरा तक 15 किलो लंबे रास्ते का उद्घाटन किया। मनरेगा के तहत बनाए गए इन रास्तों पर कर्मशः 7.90 और 14 लाख रुपए की लागत आई है।



घरौंडा। विकास कार्यों का उद्घाटन करते विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण।



घरौंडा। कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित करते विधानसभा अध्यक्ष।

### युवा करें श्रम दान

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने लोगों को सलाह दी कि वे युवाओं की टीम गठित करें जो सप्ताह में एक दिन सार्वजनिक पार्क में रखरखाव वास्ते एक घंटा श्रम दान करें। सरकार द्वारा पार्क के विकास पर लगाया गया पैसा जनता का है। उन्होंने उत्तम नगर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन को पार्क के सौंदर्यकरण का आश्वासन दिया और कहा कि थोड़ा संयम रखें, हर वाजिब काम को पूरा कराया जाएगा। इससे पहले पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में उन्होंने जयंती पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और क्राउन सिटी में पौधारोपण किया। रेस्ट हाउस में विधानसभा अध्यक्ष ने बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों समस्याएं सुनीं। बरसत के लोगों ने सफाई, पार्क और चौपाल में शौचालय, नबीपुर के वासियों ने रास्तों के निर्माण व कंबोज चौपाल की मांग की।

### विकास कार्यों का उद्घाटन व शिलान्यास

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कैरवाली में मनीराम डेरा से भीमा पंडित के खेत तक निर्मित 9 किले लंबे रास्ते का उद्घाटन किया। मनरेगा के तहत बनाए गए इस रास्ते पर 13.47 लाख की लागत आई है। इसी गांव में पीडब्ल्यूडी की मुख्य सड़क से लीला के निवास तक 500 फुट लंबी पेवर ब्लॉक गली का शिलान्यास किया। विधायक आदर्श नगर ग्राम योजना के तहत बनाई जाने वाली इस गली पर 25 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने गांव में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की ओर से लगाए गए ट्यूबवेल का भी उद्घाटन किया। इस पर 20 लाख रुपए की लागत आई है। अमृतपुर कलां में रामनिवास जोगी के खेत तक बनाए गए करीब 3300 फुट लंबे रास्ते का उद्घाटन किया जिस पर 17.86 लाख रुपए खर्च हुए हैं। इसका निर्माण खेत खलिहान स्कीम के तहत किया गया है।



तरावड़ी। बैठक मे भाग लेते मुल्तान ज्योत सभा के सदस्य व शहर के गणमान्य लोग। फोटो : हरिभूमि

## मुल्तान ज्योत महोत्सव के पर्व को लेकर बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

मुल्तान ज्योत को लेकर महावीर मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुल्तान ज्योत महोत्सव की तैयारी को लेकर बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने अपने-अपने विचार रखें और और इस पारंपरिक त्यौहार को कैसे धूमधाम से मनाया जाए, इस पर विस्तृत चर्चा हुई। बैठक की अध्यक्षता हंसराज पाहूजा एवं लक्ष्मण सेठी ने की। तरावड़ी शहर से हर वर्ष मुल्तान ज्योत महोत्सव के पर्व पर एक भव्य ज्योत लेकर हरिद्वार मां गंगा के पवित्र जल में प्रवाहित किए जाने की परंपरा रही है। जोकि 2 अगस्त को इस पर्व को मनाया जायेगा। उससे एक दिन पहले शहर मे शोभा यात्रा निकाली जायेगी। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष भी मुल्तान ज्योत सभा तरावड़ी के बैनर तले व हंसराज पाहुजा की अध्यक्षता में मुल्तान ज्योत महोत्सव के मौके पर इस बार भव्य मुल्तान ज्योत बनाई जाएगी और इस पारंपरिक त्यौहार को बहुत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस बार जो ज्योत बनेगी वह भव्य और आकर्षक होगी। इस दौरान लक्ष्मन सेठी, देवेन्द्र कामरा, मुकेश सचदेवा, पार्षद सुरेन्द्र खुराना, संदीप पाहुजा, सतपाल सचदेवा, गणेश खन्ना, सन्नी सचदेवा आदि रहे।

### खेलों में छाया प्रताप पब्लिक स्कूल

तरावड़ी। प्रताप पब्लिक स्कूल, तरावड़ी ने खेल महाकुंभ ओपन प्रतियोगिता में जिला राज्य स्तर पर अपना नाम चमकाया, मारिया राज्य स्तर के लिए चयनित हुये। प्रताप पब्लिक स्कूल की छात्रा कक्षा ग्यारहवीं साईंस की मारिया ने कर्ण स्टेडियम करनाल में आयोजित जिला राज्य स्तरीय खेल महाकुंभ ओपन प्रतियोगिता में 200 मीटर रेस में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस और रिले रेस में राज्य स्तर के लिए चयनित किया गया।

## विधायक जगमोहन आनंद ने आमजन की सुनी समस्याएं, मौके पर निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



करनाल के विधायक जगमोहन आनंद द्वारा जनता से सीधे संवाद के लिए चलाए जा रहे "चाय पर चर्चा" कार्यक्रम की 19वीं कड़ी रविवार सुबह नेहरू प्लेस में आयोजित हुई। विधायक जगमोहन आनंद ने क्षेत्रवासियों से मुलाकात की और उनके मुद्दों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए कई समस्याओं का मौके पर समाधान किया।विधायक आनंद ने कहा कि जनता और जनप्रतिनिधि के बीच संवाद की यह सीधी श्रृंखला उनके लिए सेवा का माध्यम है। उन्होंने कहा कि उनका यह प्रयास है कि कोई भी नागरिक, चाहे वह किसी भी वर्ग से हो, अपनी बात खुलकर रख सके और उसका समाधान प्राथमिकता से हो। उन्होंने यह भी बताया कि नगर निगम के सभी पार्षदों और अधिकारियों से विचार-विमर्श कर प्रत्येक वार्ड में विकास योजनाओं को गति दी जा रही है। कार्यक्रम की शुरुआत भजन व श्रीराम के नाम के स्मरण से हुई।

## अग्रकुल सेवा संस्थान की बैठक संपन्न

- तीज उत्सव व पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रमों की रूपरेखा तय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




अग्रकुल सेवा संस्थान करनाल की आम सभा की बैठक रविवार को अग्रसेन भवन, सेक्टर-8 में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने की। बैठक की शुरुआत महाराजा अग्रसेन और मां लक्ष्मी के समरूप दीप प्रज्वलन के साथ हुई।

बैठक में संरक्षक शम्मी बंसल, डॉ. रिचमंड गोयल, कृष्ण गर्ग, राम कुमार गुप्ता, दीपक गुप्ता, नरेश गर्ग, रमन कश्यप, पंकज गुप्ता, मनोज नागपाल, नरेश गोयल, सुनील गुप्ता, सुनील गोयल, वेद मंगला, रोशनलाल गुप्ता, जगमाल गुप्ता, देसराज गुप्ता, अशोक गुप्ता सहित संस्था के अनेक पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में आगामी कार्यक्रमों की समीक्षा की गई, जिसमें विशेष रूप से पर्यावरण संरक्षण अभियान, तीज महोत्सव, और महाराजा अग्रसेन जयंती समारोह को लेकर चर्चा हुई।संस्था के प्रधान विनोद गुप्ता ने बताया कि संस्था द्वारा 16 जुलाई को सरकारी स्कूलों में जाकर विद्यार्थियों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर सुझाव दिए जाएंगे और वृक्षारोपण गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। यह कार्यक्रम अग्रकुल सेवा संस्थान के पर्यावरण सरंक्षण उपसमिति के तत्वावधान में होगा।

इसके साथ ही 20 जुलाई को महिला संगठन द्वारा तीज उत्सव का भव्य आयोजन अग्रसेन भवन करनाल में किया जाएगा, जिसमें सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, पारंपरिक गीत-संगीत और सामूहिक गतिविधियाँ शामिल होंगी।

विनोद गुप्ता ने यह भी बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी महाराजा अग्रसेन जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम "अग्रलीला" का आयोजन किया जाएगा।

## ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए जरूरी है सामूहिक जागरूकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के कारण पृथ्वी का तापमान लगातार बढ़ रहा है, जिससे प्राकृतिक आपदाएं—कहीं सूखा, कहीं बाढ़—तेजी से बढ़ रही हैं। यह समय है जब समाज को मिलकर पर्यावरणीय संकट से निपटने के लिए प्रयास करने चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण सेक्टर-8 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित जेसीआई इंडिया जोन 10 गोल्ड मिडकॉन 2025 महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे थे। कार्यक्रम का आयोजन जेसीआई करनाल गोल्ड द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में जोन प्रेसिडेंट राहुल सिंगला, चेयरमैन अंकित मित्तल, प्रमोद बंसल, विनोद गुप्ता, बॉबी गोयल, नवीन गुप्ता, श्रेयांश बंसल, नेहा गर्ग समेत बड़ी संख्या में सदस्य मौजूद रहे। इस अवसर पर लक्की ड्रा और स्मृति चिन्ह भेंट कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।



## पराग गाबा बने अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा के प्रदेश संरक्षक

**करनाल।** सामाजिक कार्यकर्ता पराग गाबा को अखिल भारतीय खत्री युवा महासभा हरियाणा का प्रदेश संरक्षक नियुक्त किया गया है। इस निर्णय की घोषणा राज्य प्रधान पुष्कर मनचंदा ने माल रोड स्थित कार्यालय में आयोजित सभा में की। इसके साथ राजेंद्र बजाज को प्रदेश महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर पूर्व राज्य अध्यक्ष शिव शर्मा (युवा पंजाबी फ्रंट), जिला महासचिव ललित आहूजा (राष्ट्रीय पंजाबी महासभा), मीडिया प्रभारी राजन अरोड़ा, जिला उपाध्यक्ष साहिल डब्बर, जुबिन लूथरा, रजत, अनुज, चिराग अनेजा, वरुण अरोड़ा सहित खत्री समाज के युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पराग गाबा ने कहा कि वे अपने पिता स्व. देसराज गाबा की सामाजिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे और खत्री समाज को संगठित कर नई ऊंचाईयों तक ले जाएंगे। उन्होंने पंजाबी भवन निर्माण और शहीद मदनलाल ढींगड़ा चौक स्थापना जैसे ऐतिहासिक योगदानों का स्मरण किया।

## ब्रह्माकुमारी व पावन विजन फाउंडेशन के संयुक्त सत्र में संस्कारों का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल




ब्रह्माकुमारी आर्ट एंड कल्चर विंग तथा पावन विजन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में महाराजा अग्रसेन भवन सेक्टर 8 में विद्यार्थियों के लिए 'मास्टरिंग फोकस एंड कॉन्सन्ट्रेशन' विषय पर प्रेरणादायक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि डॉ. राजन लाम्बा (न्यूरोलॉजिस्ट), हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष के पी.आर.ओ संदीप साहिल, एडवोकेट नरेश बराना, काउंसलिंग विशेषज्ञ व वैलनेस कोच डॉ. शिखा त्यागी और पावन विजन फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती नेहा अरोड़ा उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता राजयोगिनी बी.के प्रेम दीदी (नेशनल कोऑर्डिनेटर, आर्ट एंड कल्चर विंग, करनाल जोन) ने बच्चों को मानसिक शांति, ध्यान, और अनुशासन से जुड़ी शिक्षा दी। उन्होंने कहा कि आज के युग में आत्म-चिंतन और ध्यान से ही बच्चे तनाव से मुक्त रह सकते हैं और जीवन में सही मुकाम पा सकते हैं। इस अवसर पर बी.के आरती, बी.के शिविका, निधि अरोड़ा, एडवोकेट कमल अरोड़ा, मुकेश ढींगड़ा, ललित सरदाना, सुरेश मेहता, विकास गुप्ता और सैकड़ों बच्चों सहित विभिन्न स्कूलों के शिक्षक, अभिभावक व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

## ओसवाल बुक्स का इनक्लूसिव अर्ली लर्निंग पर सेशन, बच्चों की शिक्षा में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



ओसवाल बुक्स द्वारा इनक्लूसिव अर्ली लर्निंग विषय पर करनाल में एक प्रेरणादायक सेशन आयोजित किया गया। इस सत्र का नेतृत्व जानी-मानी मनोवैज्ञानिक व स्पेशल एजुकेटर मनींदर कौर ने किया।

सेशन में 70 से अधिक माता-पिता व बच्चों ने हिस्सा लिया। मनींदर कौर ने बताया कि रोज़मर्रा की गतिविधियाँ जैसे ब्रश करना, खाना, नहाना आदि बच्चों की भाषा व सामाजिक क्षमता को सुधार सकती हैं। इस मौके पर लिल लीजेंड्स की को-फाउंडर स्वाति जैन ने इनक्लूसिव बुक सीरीज़ लॉन्च की। ओसवाल बुक्स द्वारा इनक्लूसिव अर्ली लर्निंग विषय पर करनाल में एक प्रेरणादायक सेशन आयोजित किया गया। इस बुक सीरीज़ में शामिल हैं – /"एवरीडे एक्शन वड्र्स/", /"एवरीडे वड्र्स/" व /"बुक्स ऑफ इमैजिनेशन/" जो खासतौर पर डेवलपमेंट डिले या लर्निंग डिफरेंस वाले बच्चों के लिए डिज़ाइन की गई हैं।

### भारतीय जनसंघ के संस्थापक के विचारों पर चलने पर लिया संकल्प

# डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जन्मदिन पर किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल





मधुबन मण्डल के कालरों शक्ति केंद्र के 109,110 बूथों पर भारतीय जनसंघ के संस्थापक डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मदिन उनके चित्र पर पुष्प अर्पित व पौधा रोपण कर मनाया गया। रविवार को गांव के शिव मंदिर व योगशाला में पौधा रोपण किया गया जिसमें मुख्य रूप से मीडिया प्रभारी व शक्ति केंद्र प्रमुख संदीप लोहट, पूर्व पंच मेमपाल राणा,ब्लॉक समिति प्रतिनिधि अशोक राणा, वीरेंद्र कुमार, ठाकुर मामचंद, उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता संदीप लोहट ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मां भारती के सच्चे सपूत महान राष्ट्रवादी, शिक्षाविद एवं भारतीय जनसंघ के संस्थापक स्व. डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के जन्मदिन पर सभी कार्यकर्ताओं को बधाई दी।

उन्होंने कहा है कि बढ़ते प्रदूषण के दौर में पौधे लगाना जरूरी हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम अधिक से अधिक पौधों को लगाएं। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है जिससे आक्सीजन की कमी होती जा रही हैं। इस लिए कम से कम हमें आने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि गुरुओं ने संतों ने और भगवान ने भी प्रकृति की सुरक्षा करने का संदेश दिया हैं। आज इनके जन्म दिन पर पौधा रोपण करउनके जन्मदिन मनाना सही होगा। उन्होंने देश की आजादी के बाद एक राष्ट्रवादी राजनीतिक भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर 1951 की।उनका मानना था कि एक देश मे दो विधान, दो प्रधान, दो निशान नहीं चलेंगे इसी का विरोध करते हुए वो जम्मू कश्मीर में बिना अनुमति के चले गए वहां उनको गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया वहीं पर आज के दिन उनकी मौत हो गई थी। इस दिवस को भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनाती हैं। भारतीय जन संघ को छह अप्रैल 1980 को भारतीय जनता पार्टी का नाम दिया गया। भाजपा ने अपने शुरूआती समय में मात्र 2 सांसदों के साथ संसद में प्रवेश किया था और आज यह विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। यह कार्यकर्ताओं के समर्पण और विचारधारा की ताकत का प्रमाण है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच भाजपा पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय, सुशासन, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, विकास और सुरक्षा के सिद्धांतों पर आगे बढ़ रही हैऔर अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के विकास के लिए कार्य कर रहे हैं।कार्यक्रम में प्रमोद, सुखचैन, बबलू, राहुल, वीरेंद्र राणा, रविन्द्र, अशोक, राजकुमार पांचाल,कुलदीप, मेमपाल, कमल,अनुराग समेत काफी संख्या में उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### आत्महत्या की चेष्टा की

**पानीपत।** पानीपत के शांति नगर में एक युवक ने गृह क्लेश के चलते फंदे पर लटक कर आत्महत्या की चेष्टा की। युवक जब फंदे पर लटक रहा था उस समय उसकी मां मौके पर पहुंच गई और उसने अपने पुत्र को बचा लिया। वहीं, युवक को फंदे से नीचे उतारकर सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां युवक की हालत स्थित बनी हुई है।

### डा. प्रसाद को नमन किया

**पानीपत।** भाजपा किसान मोर्चा के जिला प्रभारी जगबीर आर्य के नेतृत्व में एक राष्ट्र-एक संविधान के प्रणेता डा.श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 125वीं जयंती पर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महेश त्यागी सरपंच झांबा, राम कौशिक, राज शर्मा, सुरेन्द्र त्यागी, विजेन्द्र सिंह व शादाब समेत बडी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### किसान सभा का सम्मेलन

**पानीपत।** अखिल भारतीय किसान सभा की इकाई गांव किवाना में तीसरा सम्मेलन हुआ। सम्मेलन में ईश्वर सिंह छौक्कर, कुंवर सिंह छौक्कर, सभा के जिला प्रधान डा. सुरेंद्र मलिक, संयुक्त किसान मोर्चा जिला तालमेल कमेटी पानीपत के सहसंयोजक सुनील दत्त, शीशपाल शर्मा, सचिन, कंवर सिंह छौक्कर, बलवान सिंह, रविंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

### दादा खेड़े पर लगा भंडारा

**पानीपत।** विशाल भंडारा व हवनज्ञ श्री दादा खेड़ा महाराज की कृपा से राजनगर देशराज कॉलोनी में श्री दादा खेड़ा समिति व सभी कॉलोनी वासियों की देखरेख में हुआ। समस्त कॉलोनी वासियों ने दादा खेड़ा महाराज भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और हवन में अपनी आहुति डाली। इस अवसर पर रामकुमार खंदरा, रविंद्र खंदरा, रिंकू गुर्जर, प्रवेश शर्मा, रवि राणा, अंकित शर्मा, अरविंद श्रीवास्तव, सतपाल राणा, प्रताप सांगवान, प्रेम, दीपक मेहरा, मनोज शर्मा, राहुल शर्मा व शिव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

### बीमा योजना का लाभ लें किसान

**पानीपत।** उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया बताया कि किसान 31 जुलाई तक अपने नजदीकी बैंक में सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का बीमा करवा सकते है। यह योजना किसानों की आपात स्थिति में लाभ प्रदान करेगी। विभाग के सहायक सांख्यिकी अधिकारी हरबंस ने बताया कि किसानों को गैर ऋणी श्रेणी मे बीमा करवाने के लिए जमीन की फर्द आधार कार्ड प्रति, फसल बिजाई का प्रमाण पत्र अनिवार्य है।

### कांवडियों की सेवा करेगा समाज सेवा संगठन

**पानीपत।** समाज सेवा संगठन की मीटिंग अग्रवाल मंडी में हुई। बैठक में अध्यक्ष प्रवीण जैन ने बताया कि समाज सेवा संगठन हर वर्ष की तरह शिव भगत कांवडियो की सेवा के लिए शिव रात्रि के उपलक्ष पर 17 से 23 जुलाई तक जीटी रोड की फुटपाथ सेवा शिविर लगाएगा। शिविर में कांवडियों के लिए रहने व खाने की व्यवस्था की जाएगी। बैठक में कैलाश जैन अशोक मखीजा मनोज गांधी अंकित माटा अजय खुराना दीपक गोस्वामी आदि उपस्थित रहे।

सतगुरु कबीर पंथ आश्रम में अध्यात्म ज्ञान यज्ञ संत सम्मेलन हुआ

# संतों के दर्शन से मिलती है नई ऊर्जाः विधायक विज

- संतों के दर्शन करने से मन को मिलती है शांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

सतगुरु कबीर चौरा आश्रम, परमहंस कुटिया क्षेत्र में वार्षिकोत्सव अध्यात्म ज्ञान यज्ञ संत सम्मेलन में सत्संग एवं गुरु पूजा का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शहरी विधायक प्रमोद विज ने जहां आश्रम की ऊपरी मंजिल का उद्घाटन किया। वहीं, मेयर कोमल सैनी, पार्षद अशोक कटारिया व नवल जिंदल, पार्षद पति प्रीतम गुर्जर, पार्षद कमल अरोड़ा, पार्षद रॉकी गहलोत ने भी सतगुरु कबीर चौरा आश्रम के वार्षिकोत्सव में भाग लिया। इधर, अथितियों ने आश्रम के सभी अधूरे विकास कार्यों का पूरा कराने शहर में कबीर चौक बनवाने का आश्वासन देते हुए कहा कि संतों के दर्शन करने से मन को शांति मिलती है और मानतवा की सेवा सेवा की प्रेरणा मिलती है। वहीं, राष्ट्रीय कबीरपंथी समाज सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष चंद्र कबीर पंथी ने कहा कि भाजपा सरकार हर वर्ग की हितैषी है, वहीं विधायक प्रमोद विज के सहयोग से सतगुरु कबीर चौरा आश्रम का लगातार विकास हो रहा है।



**पानीपत।** सतगुरु कबीर चौरा आश्रम के वार्षिकोत्सव में शिकरत करते हुए विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल, पार्षदगण आदि। फोटो : हरिभूमि

इधर, आश्रम के महंत ज्ञानेश्वर दास साहेब द्वारा चौका आरती सत्संग किया। दूसरी ओर, सत्संग में धर्मदास, सतपाल मलिक, तेजपाल, किरण पाल, डॉ विवेक बहल, सोमपाल, जय भगवान, पलटू राम, भेरुजी, धीरज, ऋषिपाल रमेश राजेश प्रमोद राम कुमार पाल राम सुनीता नैंसी कविता ममता रेखा सुखबीरी आदि ने कबीरपंथी समाज की तरफ से सुभाष चंद्र कबीरपंथी को सरकार द्वारा कष्ट निवारण समिति का सदस्य बनाए जाने पर पगड़ी पहना कर सम्मानित किया।

# मानवता की सेवा करना मनुष्य का प्रथम कर्तव्यः सैनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



जन सेवा संस्थान में दानपुण्य को पहुंचे रोटरी क्लब पानीपत रॉयल के पदाधिकारीगण।

मानवता की सेवा करना मनुष्य का प्रथम कर्तव्य है, इसी श्रृंखला में रोटरी क्लब पानीपत रॉयल ने पानीपत स्थित जन सेवा संस्थान, अनाथ एवं वृद्ध आश्रम में जाकर मानसिक रूप से ग्रस्त व्यक्तियों को सुबह का नाश्ता, दोपहर का भोजन, शाम की चाय, एवं रात्रि के भोजन में सहयोग किया। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पुनीत गोयल ने बताया कि वृद्ध एवं असहाय लोगों की सेवा करना मानवता की सेवा है। क्लब के सचिव विनीत शर्मा ने बताया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ व्यक्तियों के बीच जाकर समय बिताना और उनकी सेवा करने से आत्मिक सुख की प्राप्ति होती है। प्रोजेक्ट चेयरमैन अरुण गोयल रोटेरियन रमन अनेजा, अरुण सेठी, विभाष केला, राहुल अग्रवाल, अरुण बब्बर, सीमा बब्बर, देवेंद्र सिंह, मिन्नी सिंह, नरेश चोपड़ा अमित वर्मा, अनिल मेहरा, कंवर रविंद्र आदि ने कहा कि रोटरी क्लब पानीपत रॉयल अपनी जन सेवा योजनाओं का और बढ़ावा देगा।

### पौधे रोप डॉ. श्यामा को याद किया

**पानीपत।** देश के पहले उद्योग मंत्री डॉ. श्याम प्रसाद मुखर्जी की 125 वीं जयंती के अवसर पर युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा रविवार को पौधरोपण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में युवाओं ने भाग लिया और अनेकों जगहों पर पौधारोपण किया गया। मौके पर जिला युवा अधिकारी विनीत गहलावत, बीएसएसयू के अध्यक्ष योगीराज भारद्वाज, सारथी कुमार, वाईएनजे क्लब सहायक सचिव नवीन कुमार, आशु, नसीब, प्रियांशु आदि ने पौधे रोपे।

# गुर्जर समाज की जिला कार्यकारिणी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गुर्जर भवन में गुर्जर समाज की जिला कार्यकारिणी व जिले भर से गुर्जर समाज के लोगों की बैठक हुई। बैठक में जयपाल छौक्कर, गुर्जर सभा के जिला प्रधान कर्ण सिंह पसीना, रतन सिंह रावल, शिव कुमार, प्रीतम रावल, बल्ला गुर्जर, कटार सिंह, विनोद, विनय नलवा, शुभम ऊझा, बिट्टू रावल, सुंदर छौक्कर, मदन छौक्कर, बलबीर, राज सिंह, सुरेन्द्र सिंह, विनोद रावल, सतबीर छौक्कर, ब्रहमपाल रावल, सुलेख डिडवाडा, चुहड सिंह, रावल, सुमित जलमाना, सूरजभान, अनुप छौक्कर, संजय रावल, सीता रावल, सचिन रावल, आजाद नम्बरदार, डा.कृष्ण देव शास्त्री, पिताम्बर, अशोक जलमाना आदि अनेक मौजूद थे।

# ब्राह्मण महासंघ ने किया बुजुर्गों को सम्मानित



**पानीपत।** ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा सम्मानित किए गए बुजुर्गगण प्रसन्न मुद्रा में। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

ब्राह्मण महासंघ हरियाणा द्वारा रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में अपने बुजुर्गों को सम्मानिक किया। वहीं समारोह में सानिध्य श्री आदि बद्री मठ मछली बंदर से दंडी स्वामी श्री विनय स्वरूप आश्रम व श्री स्वामी दयानंद सरस्वती, श्रीनाथ श्रीब्रह्म ऋषि, वेद गोस्वामी व पंडित निरंजन पराशर का रहा। जबकि मुख्य अतिथि सेवानिवृत आईपीएस रविकांत शर्मा, सेवानिवृत आईएएस राजीव शर्मा, सेवानिवृत जिला जज केसी शर्मा रहे। इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि कांग्रेस नेता विरेंद्र बुल्ले शाह, एडवोकेट अशोक शर्मा सोनीपत रहे। वहीं अतिथिगण के रूप में रिफाइनरी से जीएम आईएसआरएल मुकेश शर्मा, समाजसेवी कुलदीप कौशिक, हरियाणवीं कलाकार ऊषा शर्मा चन्द्रावल, लोक गायक संदीप शर्मा भैंसवाल मौजूद रहे। वहीं अतिथियों द्वारा समाज के 250 बुजुर्ग महिला व पुरूषों को उनके क्षेत्र में विशेष उपब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ब्राह्मण महासंघ हरियाणा के प्रदेशाध्यक्ष रोहित गौतम, सुरेंद्र शर्मा सनौली, जेपी शर्मा, वीरेंद्र शर्मा, नरेश अत्री एडवोकेट, जिला बार एसोसिएशन के सचिव संदीप शांडिल्य, दीपचंद शर्मा, लेखराज जताना, रमेश शर्मा, सत्यनारायण छदिया, सुधीर शर्मा, डा.सुरेंद्र शर्मा, पंकज शर्मा, चित्रलेखा शर्मा, नमृता शर्मा, रेनु वत्स, बबली शर्मा, मीनाक्षी शर्मा, श्रृष्ठि शर्मा, पवन कुमारी समेत बडी संख्या में प्रदेश भर से आए गणमान्य ब्राह्मणों ने शिरकत की।

### सर्वश्रेष्ठ है सनातन धर्मः विज

**पानीपत।** सनातन धर्म का अधिक से अधिक प्रचार करके एकजुट रहने की आवश्यकता है एक रहेंगे तभी सनातन धर्म विरोधियों को मात दे सकते हैं। सनातन धर्म सबसे उत्तम धर्म है इसलिए हमें इसकी मर्यादाओं को ध्यान में रखते हुए सबको साथ लेकर चलने की आवश्यकता है। ये समाजसेवी शीतल विज ने गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा द्वारा आयोजित आने अभिनंदन समारोह में कहे। मौके पर राजकुमार पांचाल माजरी, विनोद पांचाल, मोहन लाल आदि उपस्थित रहे।

### पीडब्ल्यूडी कर्मियों की बैठक हुई

**पानीपत।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक हुई। बैठक में यूनियन के नेता अमरजीत मलिक की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में नीरज शर्मा, नरेश कुमार, वीरेंद्र कुमार, रामकुमार, जरनैल सिंह, अमरेश त्यागी, शिव कुमार अहलावत, सीटू से जिला प्रधान सुनील दत्त, सुरेंद्र मलिक, राजेंद्र, प्रीतम रावल, अंग्रेज सिंह, खेमराज, दीपक कुमार, नरेंद्र हुड्डा, विजेंद्र छोक्कर, राजबीर, कृष्ण, अनिल सिंह, सुखवीर भारद्वाज, सतीश देशवाल, सचिन, सुल्तान पंवार व रामपाल शर्मा आदि मौजूद रहे।

# मां गंगे सावन जोत समिति के सदस्यों की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** सावन जोत महोत्सव के कार्यक्रम की जानकारी देते हुए मां गंगे सावन जोत समिति के पदाधिकारीगण। फोटो : हरिभूमि

मां गंगे सावन जोत समिति के सदस्यों की बैठक रविवार को हनुमान मंदिर पटेल नगर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रधान सुभाष गुलाटी ने बताया कि सावन जोत महोत्सव 31 जुलाई को पानीपत में तथा दो से तीन अगस्त को हरिद्वार में मनाया जाएगा। सुभाष गुलाटी ने बताया कि सावन जोत यात्रा पानीपत में 31 जुलाई को वृंदा एंक्लेव सेक्टर 13-17 से शुरू होकर विभिन्न बाजारों से होते हुए पटेल नगर हनुमान मंदिर में विशाल भंडारे के साथ संपन्न होगी। जिसमें मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी विधायक प्रमोद विज, मेयर कोमल सैनी, वीरेंद्र बुल्ले शाह, अविनाश पालीवाल, प्रेम प्रकाश सचदेवा, नवीन भाटिया व अवनीत कौर मुख्यातिथि रहेंगे। वहीं दो अगस्त को श्री चेतन ज्योति आश्रम हरिद्वार में महंत लोकेश दास जी की अध्यक्षता में माता की चौकी होगी। जबकि तीन अगस्त को हरिद्वार में विभिन्न साधु संतों की अध्यक्षता में हरिद्वार के विभिन्न बाजारों से होते हुए हर की पौड़ी पर संपन्न होगी। बैठक में भीम सचदेवा, हरबंस आनंद, हरीश अरोड़ा, डॉ सुनील थम्मन, राधे श्याम नासा समेत बडी संख्या में समाजसेवी आदि उपस्थित रहे।



### स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब ने डीएम इलेवन को हराया

**पानीपत।** डीआर इंटरनेशनल स्कूल क्रिकेट मैदान गांव काकोदा में रविवार को गुरूकुल दर्पण 60 क्रिकेट प्रतियोगिता के अंतर्गत खेले गये पहले सेमीफाइनल मैच में स्वैट बॉक्स क्रिकेट क्लब दिल्ली ने डीएम इलेवन को छह विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डी एम इलेवन टीम ने अंकित श्योराण के 36 रन व आशीष धनखड़ के 27 रनों की मदद से 147 रन बनाये, समर्थ वशिष्ठ व राहुल गोस्वामी ने 2-2 विकेट लिये। लक्ष्य का पीछा करते हुए स्वैट बॉक्स टीम ने श्रेय जैन के 59 व कप्तान अंकुर मिश्रा के 25 रनों की सहायता से 16 ओवर में 148 रन बनाकर मैच जीत लिया, टीनू ने 2 विकेट लिये। 34 गेंदों में 6 चौके व 4 छक्कों के साथ 59 रन की पारी खेलने वाले श्रेय जैन को मैन ऑफ द मैच चुना गया। इस अवसर पर डी आर संस्था के चैयरमैन कपिल भारद्वाज, पवन लठवाल, दीपक मलिक, अमित, सुमित,जयबीर आदि मौजूद रहे।

# समाज की उत्कृष्ट सेवा के लिए नवीन भाटिया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

रोटरी डिसट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी में रोटरी क्लब पानीपत साउथ को जहां बेस्ट क्लब आफ द ईयर का अवार्ड मिला, वहीं समाज की निष्काम सेवा के लिए रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान, समाजसेवी, उद्योगपति, भाजपा के वरिष्ठ नेता नवीन भाटिया का सम्मानित किया गया।

स्मरणीय है कि नवीन भाटिया निर्धन वर्ग की निष्काम सेवा करते है और इस नेक कार्य में उनके परिजन हमेशा सहयोग करते है। भाटिया, प्रति दिन अपने कामकाज की शुरूआत जरूरमंद लोगों की निष्काम सेवा से करते है।

इधर, भाटिया ने अपने सम्मान के लिए रोटरी क्लब का आभार जताते हुए कहा कि हर इंसान को अपने अंदर सेवा का भाव उत्पन्न करना चाहिए, बडों का सम्मान व छोटों का स्नेह करना चाहिए। नारी का सम्मान करते हुए समाज के जरूरमंद वर्ग की सामर्थ के अनुसार मदद करनी चाहिए।



**पानीपत।** रोटरी डिसट्रिक्ट अवार्ड सेरेमनी में समाजसेवी नवीन भाटिया को सम्मानित करते हुए अथितिगण। फोटो : हरिभूमि



**पानीपत।** श्री सनातन धर्म मंदिर प्रबंधक समिति के अध्यक्ष व पार्षद तरूण गांधी आदि बैठक करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# धार्मिक कार्यों से बढ़ती है सद्भावना : तरूण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के मॉडल टाउन स्थित श्री सनातन धर्म मंदिर में आने वाले पावन त्योहार शिवरात्रि एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के सफल आयोजन के लिए मंदिर कार्यालय में बैठक हुई। बैठक में मंदिर समिति के सभी सदस्य व सेवादारों ने भाग लिया। वहीं, बैठक में दोनों पर्वों को भव्य एवं धार्मिक गरिमा तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में दोनों पर्वों पर मंदिर की सजावट, भंडारा, झांकिया सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। महाशिवरात्रि पर रुद्राभिषेक, एवं भजन कीर्तन का आयोजन होगा।

वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर 12 अगस्त से 15 अगस्त तक भजन संध्या ओर 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्म और बहुत सी झांकिया सजाई जाएगी तथा रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता मंदिर सभा के प्रधान व पार्षद तरूण गांधी ने करते हुए कहा कि हर नागरिक धार्मिक कार्यों में भाग लेना चाहिए।

# पर्यावरण के घना होने से सुखी होगी मानवताः कुमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** हाली पार्क में पौधे रोपते हुए ग्रीनमैन प्रो .दलजीत व अफसर रावल आदि। फोटो : हरिभूमि

ग्रीनमैन की उपाधि प्राप्त देशबंधु गुप्ता राजकीय महाविद्यालय पानीपत में असिस्टेंट प्रोफेसर इतिहास के पद पर कार्यरत ग्रीनमैन दलजीत कुमार ने ग्रीन पानीपत, ग्रीन हरियाणा व ग्रीन भारत अभियान के अंतर्गत पानीपत के हाली पार्क में वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि अफसर रावल वाइस चेयरमैन हरियाणा, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन संवर्धन परिषद, भारत सरकार शामिल हुए। ग्रीनमैन प्रो दलजीत ने बताया कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मुहिम एक पौधा मां के नाम के अंतर्गत चार राष्ट्रीय वृक्ष बरगद, तीन पीपल,दो जंगली पापड़ी, दो पिलखन, एक कटहल सहित सात से दस फुट बड़े बारह पौधे रोपित किए। वहीं, दीपक नारंग, मनोज, जितेंद्र, गुरमीत सरदार, विवर्ज कॉलोनी ने पौधों की देखभाल का जिम्मा लिया। वहीं, दलजीत ने बताया कि हाली पार्क से एक नई मुहिम एक पौधा दादा पौते के साथ का भी शुभारंभ किया गया। जबकि बेटा-बेटी एक समान एक पौधा बेटी के नाम मुहिम के तहत बेटियों से राष्ट्रीय वर्ष बरगद रोपित करवाया गया। वाइस चेयरमैन अफसर रावल ने कहा कि प्रदेश सरकार के सहयोग से हाली पार्क को विकसित करवाया जाएगा। इस अवसर पर संदीप कल्याणी, विजेंद्र मलिक, सतीश कुमार, गुरमीत सिंह, दीपक नारंग, मनोज, जितेंद्र, सुनील शर्मा, निशा, सिमरन, अर्जुन, सुनील अहलावत आदि ने हाली पार्क में पौधे रोपे।

# नशे का त्याग कर धर्म की राह अपनाएं युवाः जैन संत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत के गांव राजाखेडी के स्तानक में जैन संत श्री रोहित मुनि, श्री श्रेयांश मुनि, व श्री रजत मुनि ठाणे-तीन का मांगलिक प्रवेश हुआ। इस अवसर पर हरियाणा समेत देश के विभिन्न राज्यों से श्रद्धालुओं ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा के बड़े भाई हरपाल ढांडा, पानीपत नगर निगम की मेयर कोमल सैनी, बरौदा से विधायक इंदुराज नरवाल, पार्षद बिट्टू प्रजापति, पार्षद सोनू संधू, विजय जैन, राजीव जैन, जगदीश जैन प्रधान अंसल स्थानक, अंकुश जैन, सुखबीर जैन दिल्ली व ग्राम सरपंच रितु रानी ने प्रधान राहुल जैन के साथ जैन संतों का जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम में गुरुदेवों ने प्रचवन करते हुए कहा कि चातुर्मास का उद्देश्य जीवन में संस्कारों का बीजारोपण कर जीवन की दशा और दिशा को सत्य के राह पर ले जाना है। यशिका मलिक, संजय जैन, शमशेर मलिक, शिक्षाविद् बोधराज ने श्री एसएस जैन सभा के पदाधिकारियों के साथ अतिथियों को माला, पटका व स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मंच संचालन सुनील जैन ने किया। कार्यक्रम को श्री एसएस जैन सभा राजाखेड़ी, महावीर भारत समाज के पदाधिकारियों व गांव राजाखेडी के ग्रामीणों ने सफल बनाया।



**पानीपत।** राजाखेडी जैन स्नातक में अथितियों को सम्मानित करते आयोजकगण।

## खबर संक्षेप

### परीक्षा के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 29

**अंबाला।** पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय कौला के प्रिंसिपल अजय कुमार लिमल ने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय के कक्षा छठी के प्रवेश हेतू परीक्षा 2026 के अभ्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि 29 जुलाई 2025 तक है। विद्यालय चयन परीक्षा की तिथि 13 दिसंबर 2025 है। अभ्यर्थी की आयु 1 मई 2014 से 31 जुलाई 2016 के मध्य होनी चाहिए शैक्षणिक सत्र 2025-26 में अभ्यर्थी जिले में कक्षा 5वीं में अध्ययन किया होना चाहिए।

### कष्ट निवारण समिति की मीटिंग 8 को

**अंबाला।** जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक 8 जुलाई को दोपहर बाद 2 बजे पंचायत भवन अंबाला शहर के सभागार में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण (भवन व सडक़े) विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होगी। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने बताया कि बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस दौरान चयनित शिकायतों पर सुनवाई होगी। ज्यादातर शिकायतों का मौके पर ही समाधान किया जाएगा।

### भर्ती के लिए कॉमन प्रवेश परीक्षा 10 को

**अंबाला।** भर्ती निदेशक कर्नल बीएस पांड्ेय ने बताया कि अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर जनरल ड्यूटी, तकनीकी, क्लर्क/स्टोर कीपर, ट्रेड्स मैन दसवीं पास, ट्रेड्स मैन आठवीं पास और अग्निवीर महिला सेना पुलिस और रेगुलर एंट्री के तहत सैनिक नर्सिंग सहायक, सिपाही फार्मा, आरटी जेसीओ, हवलदार (एसएसी), जेसीओ कैटरिंग और हवलदार (एजुकेशन) के पद पर कॉमन प्रवेश परीक्षा का आयोजन विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर 10 जुलाई तक किया जाएगा।

### कृषि विकास योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत स्कैम के फसल अवशेष प्रबंधन घटक के अंतर्गत धान फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला की स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। धान फसल अवशेष आपूर्ति श्रृंखला स्थापित करने पर 65 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। इसमें ऑनलाइन आवेदन 15 जुलाई 2025 तक विभाग के पोर्टल पर कर सकते हैं ।

### रोटरी व रोट्रैक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह

**लाडवा।** शहर की अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्था रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब का पदग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इंस्टालेशन चेयरमैन पूर्व प्रधान अमित सिंघल ने जानकारी देते हुए बताया कि रोटरी व रोट्रेक्ट क्लब में अंतर्राष्ट्रीय प्रधान से लेकर क्लब प्रधान तक हर किसी का सत्र 1 जुलाई से 30 जून तक होता है जिसके तहत लाडवा क्लब के 2025-26 के लिए चुने हुए प्रधानों का सत्र भी 1 जुलाई को शुरू हुआ जिसमें रोटरी प्रधान संजीव जिंदल व रोट्रेक्ट प्रधान गर्वित धवन शामिल हैं।

### नालों की सही ढंग से सफाई न होने की वजह से कई इलाकों में हुए जलभराव

# बरसात से कॉलोनियों में जलभराव, मेयर ने सफाई अधिकारियों को लगाई फटकार

**मेयर ने कई इलाकों का किया मुआयना, स्थिति के लिए सीधेतौर पर अधिकारियों को ठहराया जिम्मेदार, तीन दिन भारी बरसात का अलर्ट**



**अंबाला।** बरसात के बाद बाजारों में हुए जलभराव का दृश्य। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार को सुबह से घने बादल छाने के साथ ही जिले में रूक-रूककर बरसात हो रही है। इसकी वजह से कई रिहायशी कॉलोनियों में जलभराव हो गया। नगर निगम की ओर से इन कॉलोनियों से पानी निकालने की कसरत शुरू हो गई थी। हालांकि शाम तक ज्यादातर कॉलोनियों से बरसाती पानी की निकासी हो गई थी। सुबह 8 बजे कई जगहों पर हल्की बारिश हुई। बारिश होने से उमसभरी गर्मी से निजात मिली है। पिछले दो दिन से उमसभरी गर्मी परेशान कर रही थी। शनिवार-रविवार रात को 33.5 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके कारण अंबाला शहर में कई जगह सड़कों पर जलभराव हो गया। मौसम विभाग ने अंबाला, बराड़ा और नारायणगढ़ में 6 से 8 जुलाई तक भारी बारिश की संभावना जताई है। साथ ही तेज हवा चलने के साथ बिजली गरजने की आंशका है। जुलाई माह के शुरुआत में मौसम में ठंडक हुई थी मगर तीन लगातार गर्मी रही। तापमान तो कम रहा, लेकिन उमस होने से गर्मी में पसीने छूट रहे थे। शहर में जलभराव वाले क्षेत्रों में नगर निगम की पंप लगाए गए हैं। यह निगम कर्मचारियों की ड्यूटी भी दिन व रात के हिसाब से तय की गई है। साथ ही सफाई शाखा के सहायक व सेनेटरी इंस्पेक्टर की जिम्मेदारी तय की गई है। पिछले सप्ताह हुई बारिश से कई जगहों पर जलभराव हुआ था। कपड़ा मार्केट के दुकानदार भी निगम आयुक्त से बरसाती पानी की निकासी को लेकर मिले थे।

रविवार को बारिश रूकने के बाद मेयर सैलजा संदीप सचदेवा ने रविवार को मॉडल टाउन और करतार नगर के जलमग्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान मेयर सचदेवा ने नालों में जमी सड़ी-गली गंदगी, शराब की बोतल और दुर्गंध भरी दुर्दशा को देखकर नाराजगी जताई। उन्होंने मौके पर मौजूद निगम कर्मचारियों को सफाई करने के निर्देश दिए। साथ ही वहीं मौके पर खड़े होकर सफाई भी करवाई। मेयर सैलजा संदीप सचदेवा ने कहा कि नाले नगर की नसें हैं। अगर यह अवरुद्ध हो जाएं, तो पूरा शरीर जलभराव और बीमारी का घर बन जाता है। विशेषकर उन्होंने मॉडल टाउन में उन दुकानदारों को आड़े हाथों लिया जिन्होंने बरसाती नालों के ऊपर अवैध रैंप और अतिक्रमण किया है। मेयर ने कहा कि यदि नागरिक स्वयं नालों से अतिक्रमण नहीं हटाते तो निगम उसे नियमानुसार ध्वस्त करेगा और भविष्य में जलभराव की जिम्मेदारी उनके सिर होगी।

#### इन इलाकों में भरा पानी

बरसात की वजह से रविवार को अंबाला शहर के मॉडल टाउन, करतार नगर, इंको अंडर ब्रिज, सेक्टर 8 व 9 के साथ मानव चौक व जगाधरी गेट एरिया में भी जलभराव हुआ। हालांकि कुछ देर बाद ही इन इलाकों से पानी निकासी का काम शुरू हो गया था। इसकी वजह से लोगों को भारी राहत मिली। सबसे ज्यादा पानी मॉडल टाउन की मुख्य सड़क पर जमा था। यहां कई दुकानों के सामने शाम तक पानी जमा रहा। निकासी न होने की वजह से यह स्थिति बनी।




कार्यक्रम में विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए।

## मेधावी विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित

- विधायक राम कुमार कश्यप रहे कार्यक्रम के मुख्यअतिथि
- युवा शिक्षा के बल पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

हरियाणा कश्यप राजपूत सभा द्वारा आयोजित विद्यार्थी सम्मान समारोह 2025 रविवार को हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस समारोह में इंद्री विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप राम कुमार कश्यप मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। नगर पालिका चेयरमैन रजत मलिक विशिष्ट अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। सभा के प्रधान दर्शन सिंह कश्यप ने इस समारोह की अध्यक्षता की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्यअतिथि राम कुमार कश्यप ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विद्यार्थी देश का भविष्य हैं। प्रदेश के युवा शिक्षा के बल पर बिना खर्ची-पर्ची के सरकारी नौकरियां हासिल कर रहे हैं जो पारदर्शिता भाजपा सरकार की देन है। विशिष्ट अतिथि चेयरमैन रजत मलिक ने भी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और सकारात्मक सोच ही विकास का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने सभा की ओर से प्रस्तुत विशेष मांग पत्र को गंभीरता से लेते हुए आश्वासन दिया कि सभी मांगों पर शीघ्र कार्यवाही की जाएगी। यह कार्यक्रम समाज में शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने और नई पीढ़ी को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। इस आयोजन में जगदीश कश्यप, साक्षी कश्यप, गीता देवी, ईश्वर सिंह सहित कश्यप समाज के अनेक गणमान्य मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर में 61 लोगों ने किया रक्तदान

- रोटरी क्लब व सन्नी आहलुवालिया फाउंडेशन ने लगाया शिविर
- प्रतेक वर्ष बेटे की याद में लगया जाता है शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोटरी अंबाला सेंट्रल एवं सन्नी आहलूवालिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर लगाया गया। इसमें 61 दानियों ने रक्तदान किया। रोटरी क्लब के अध्यक्ष राजेश बत्रा ने स्वयं भी रक्तदान किया।

उन्होंने कहा कि रक्तदान न केवल जीवन बचाने का माध्यम है, बल्कि यह समाज में एकजुटता और मानवीय मूल्यों को भी प्रोत्साहित करता है। प्रत्येक वर्ष यह शिविर पूर्व रोट्रेक्ट प्रेजिडेंट सन्नी आहलूवालिया की याद में लगाया जाता है।

जिसमें उनके परिवार द्वारा गठित सन्नी आहलूवालिया चैरिटेबल फाउंडेशन मुख्य सहयोगी रहते हैं। सनी आहलूवालिया के पिता रोटेरियन प्रीत मोहिंदर पाल सिंह ने बताया कि उनके बेटे की याद में यह शिविर लगवाते आ रहे हैं। आगे भी इस प्रकार के शिविर लगातार करवाए जाएंगे।

## नप को खुद फंड जुटाने के आदेश, 16 करोड़ के फंड का प्रस्ताव खारिज

- शहरी स्थानीय निकाय ने नगर परिषद का प्रस्ताव वापिस भेजा, आदेश के बाद कई सदस्यों ने रोष, प्रस्तावित मीटिंग में हंगामे के आसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




शहरी स्थानीय निकाय विभाग ने अंबाला छावनी के 32 वार्डों के विकास के लिए मांगे गए 16 करोड़ रुपये के प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। छावनी में नगर परिषद के चुनाव के बाद अध्यक्ष ने सभी वार्डों में विकास कार्य कराने के लिए इस धनराशि की मांग की थी। इसमें तय किया गया था कि प्रत्येक वार्ड के पार्षद के द्वारा अनुमोदित विकास कार्यों पर 50 लाख रुपये खर्च जाएंगे। इसके लिए मुख्यालय से बजट मांगा गया था। मुख्यालय ने बजट देने के बजाय नगर परिषद को नसीहत दे दी कि वह खुद के प्रबंधन से फंड जुटाए। इससे नपा सदस्य में रोष बढ़ गया है। मुख्यालय स्तर पर भेजे प्रस्ताव के एवज में उच्चाधिकारियों ने निर्देश दिए हैं कि नगर परिषद अपने स्तर पर फंड जुटाए।

इस संबंध में वित्तीय कमेटी की बैठक में संबंधित वार्ड सदस्यों से सुझाव मांगे गए हैं ताकि नप के राजस्व में बढ़ौतरी हो सके। हालांकि यह कमी संपत्ति कर की प्राप्ति से हो सकती है क्योंकि लगभग पांच करोड़ रुपये का संपत्ति कर छावनी के निवासियों पर लंबित है। बता दें कि अंबाला छावनी के 32 वार्डों में लंबित विकास कार्यों को पूरा करने के लिए सदस्यों की तरफ से लिखित में जानकारी दी गई जोकि लगभग 200 के करीब हैं। इनमें गलियों व नालियों का निर्माण, स्ट्रीट लाइटें और वार्ड स्तर पर डस्टबिन आदि उपलब्ध करवाए जाने थे। लेकिन अब उन्हें नए सिरे से जरूरी कार्यों की सूची को तैयार करने के निर्देश दिए गए हैं। नगर परिषद के वार्ड नंबर 29 के सदस्य सुधीर जयसवाल ने बताया कि 50 लाख रुपये के विकास कार्यों का बखान जोरों-शोरों से तो किया गया लेकिन यह सिरे नहीं चढ़ पाया। इस कारण उनके द्वारा दी गई विकास कार्यों की सूची पर काम नहीं हो पाया। इस मुद्दे को लेकर भी कुछ सदस्य लामबंद होते नजर आ रहे हैं। 11 जुलाई को होने वाली बैठक में भी यह मुद्दा चर्चा का विषय बन सकता है।

## कैंटोनमेंट बोर्ड के खिलाफ तोपखाना परेड के लोगों ने शुरू किया आंदोलन, पहरे पर डटी महिलाएं

- आंदोलनकारियों का आरोप 21 एकड़ जमीन पर खड़ी फसल को बोर्ड अधिकारियों ने जेसीबी चलाकर किया बर्बाद, 800 लोग हो गए बेरोजगार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



**अंबाला।** विरोध प्रदर्शन करते तोपखाना परेड़ के लोग।

कैंटोनमेंट बोर्ड में फसल बर्बाद करने वालों के खिलाफ तोपखाना परेड के लोगों ने आंदोलन शुरू कर दिया है। पीड़ितों ने बाकायदा टेंट लगाकर विरोध प्रदर्शन भी शुरू कर दिया है। खेती बचाने के लिए धरना दे रहे लोगों का कहना है कि एक ही झटके में कैंटोनमेंट बोर्ड ने तोपखाना परेड के 800 लोगों को बेरोजगार कर दिया है। जब से फसल को नष्ट किया है, उनके घरों में चूल्हा नहीं जला है। कुछ बड़े बुजुर्ग तो इस कार्रवाई से इतने सदमे में हैं कि वे बीमार हो गए हैं। वहीं, युवाओं में भी काफी रोष नजर आ रहा है। दरअसल तोपखाना परेड में 21 एकड़ जमीन को लेकर अब स्थानीय निवासी खुलकर सामने आ गए हैं। उन्होंने कैंटोनमेंट बोर्ड की तारबंदी का विरोध करने ठीकरी पहरा शुरु कर दिया है और इसकी जिम्मेदारी स्थानीय महिलाओं ने संभाली है। इसके लिए उन्होंने जमीन के आसपास टैंट भी लगा दिया है ताकि अगर बोर्ड की टीम आए तो उसे शांतिपूर्ण तरीके से तारबंदी करने से रोका जा सके। प्रबुद्ध लोगों एक प्रतिनिधिमंडल भी तैयार किया है जो मुख्यमंत्री से मिलकर मदद की गुहार लगाएंगे ताकि खेती और मजदूरी के लिए उपलब्ध करवाई गई जमीन पर बोर्ड अपना कब्जा न ले सके। बरसों पहले इस जमीन को अंग्रेजों ने श्रमिकों को बसाने के लिए खेती पर दिया था। इसके बाद कैंटोनमेंट बोर्ड ने अंग्रेजों के कार्यकाल के बाद अपने अधीन ले लिया। इसे बाद में यहां के लोगों को छह हजार की लीज पर दे दिया गया।

## मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल नेशनल प्रिंसिपल पुरस्कार से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुलाना




मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल डॉ. सुमन पाहवा को चंडीगढ़ में आयोजित शिक्षा उत्कृष्टता समारोह में 'रविंद्रनाथ टैगोर नेशनल प्रिंसिपल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया।इस प्रतिष्ठित सम्मान से डॉ. पाहवा के दूरदर्शी नेतृत्व, शिक्षा के प्रति समर्पण और युवा पीढ़ी को सशक्त बनाने के लिए उनके सतत प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर मान्यता दी गई है। कार्यक्रम में देशभर से शिक्षा क्षेत्र की जानी-मानी हस्तियां शामिल हुईं। शिक्षा में नवाचार व नेतृत्व की दिशा में डॉ. पाहवा के योगदान की सराहना की गई। पाहवा ने पुरस्कार प्राप्त करते हुए कहा, /"यह सम्मान केवल मेरा नहीं बल्कि पूरे मैवेरिक्स परिवार का है। हमारा उद्देश्य शिक्षा को सिर्फ ज्ञान तक सीमित न रखकर, छात्रों को विचारशील, संवेदनशील और जिम्मेदार नागरिक बनाना है। उन्होंने कहा कि मैवेरिक्स इंटरनेशनल स्कूल को केवल एक शिक्षण संस्थान नहीं बल्कि एक विचारशील केंद्र के रूप में विकसित किया है। यहां समग्र शिक्षा, नैतिक मूल्यों, और आधुनिक सोच को समान रूप से महत्व दिया जाता है।

## कांवड़ यात्रा को लेकर रेलवे ने दिए जरुरी निर्देश, श्रद्धालुओं को मिलेगी सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रेलवे की ओर से कांवड़ यात्रा को लेकर जरुरी निर्देश जारी किए गए हैं। अंबाला छावनी रेलवे स्टेशन से रोजाना 10 ट्रेनें हरिद्वार की तरफ रवाना होती हैं। कांवड़ यात्रा 11 जुलाई से शुरू हो जाएगी। पंजाब, हिमाचल और और हरियाणा के अन्य जिलों से कांवड़िए ट्रेन से हरिद्वार जाएंगे और गंगा जल लेकर लौटेंगे। इस बार रेलवे ने भी कांवड़ यात्रा को देखते विशेष प्रबंध करने का फैसला किया है ताकि उन्हें परेशानी का सामना न करना पड़े। इस व्यवस्था की जिम्मेदारी जीआरपी और आरपीएफ के हवाले होगी। वे भक्तों का मार्गदर्शन करेंगे और उनकी समस्या का समाधान भी करेंगे। उनकी टीमें गंगा जल की पवित्रता का भी ध्यान रखेंगी। इसके लिए टीमों के गठन की तैयारी, ट्रेनों को चिह्नित करना, स्टेशन पर और ट्रेनों में कर्मचारियों की तैनाती और मदद के लिए भी सुरक्षा कर्मी की जिम्मेदारी तय की जाएगी। बता दें कि अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन से रोजाना 10 ट्रेनें हरिद्वार की तरफ संचालित हो रही हैं। इनमें ट्रेन नंबर 14610 हेमकुंट एक्सप्रेस, 14632 अमृतसर-देहरादून एक्सप्रेस, 14888 बाड़मेर-ऋषिकेश एक्सप्रेस, 14626 फिरोजपुर-हरिद्वार एक्सप्रेस, 14606 जम्मूतवी-यशवंतपुर एक्सप्रेस, 14815 श्रीगंगानगर-ऋषिकेश एक्सप्रेस, 12054 हरिद्वार जनशताब्दी, 14717 बीकानेर-हरिद्वार एक्सप्रेस, 64512 ऊना हिमाचल-हरिद्वार एक्सप्रेस व ट्रेन नंबर 19271 भावनगर- हरिद्वार एक्सप्रेस शामिल हैं।

### हर नर्सरी का डाटा ऑनलाइन, घर बैठकर पता चलेगा किस नर्सरी में कौन से पौधे उपलब्ध

## बरसाती सीजन में 14.82 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

- 12 नर्सरियों में तैयार हुई पौध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



इस साल बरसाती सीजन में वन विभाग की ओर से पूरे जिले में 14 लाख 82 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य रखा है। इसके लिए तीन हिस्सों (रेंज) में बांटा गया है। कुल 12 नर्सरी तैयार की गई हैं। अब लोग घर बैठे यह जान सकेंगे कि किस नर्सरी में कौन-कौन से पौधे उपलब्ध हैं। इसके लिए वन विभाग ने नर्सरियों का सारा डाटा ऑनलाइन करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। डीएफओ राजेश माथुर ने बताया कि मानसून की शुरुआत के साथ ही पौधारोपण अभियान शुरू कर दिया गया है। इस अभियान में सामाजिक संगठनों की भी मदद ली जा रही है ताकि को और ज्यादा हरा-भरा बनाया जा सके। वन विभाग का कहना है कि डिजिटल तरीके से अभियान और बेहतर तरीके से चलाया जा सकेगा। जल्द ही पोर्टल पर सभी नर्सरियों की जानकारी उपलब्ध करवा दी जाएगी। डीएफओ ने बताया कि वन विभाग की ओर से जिला की तीन रेंज में 12 नर्सरी तैयार की हैं। जिनमें से संगठन समेत अन्य लोग भी पौधे ले सकते हैं। इनमें काफी लोग अपनी जेब खर्ची से भी पौधे लगाते हैं। वन विभाग की ओर से स्कूलों को भी पौधे मुफ्त दिए जाएंगे। इसके साथ पंचायतों की ओर से भी पौधरोपण कराया जाएगा। पंचायतों को जल शक्ति अभियान के तहत पौधे बांटे जाएंगे। 2016 के बाद से अब तक अंबाला कैथल हाईवे के निर्माण के दौरान कई हजार पेड़ काटे जा चुके हैं। जबकि इन सालों में इन जगहों के पास इतने पेड़ तैयार नहीं हो पाए हैं। क्षेत्र में वन विभाग की 12 नर्सरी हैं। इनमें पौधे तैयार हो चुके हैं। अंबाला रेंज में जनसुई, नसीरपुर और रामपुर हैं। नारायणगढ़ रेंज में बड़ागढ़, छोटी बस्सी, काठे माजरा, कोहड़ा भूरा और मानकपुर हैं। साहा रेंज में अधोया, गगनहेड़ी, साहा और सोहाना में नर्सरी हैं। माथुर ने बताया कि लोगों को अपने नजदीक की नर्सरी में जाकर एक पौधा मिल सकेगा। वह अपनी नजदीक की नर्सरी से किसी भी किस्म के उपलब्ध पौधे ले सकेंगे। वन विभाग की ओर से सभी नर्सरी इंचार्ज को इसके लिए निर्देशित किया गया है। वन विभाग इस साल अलग श्रेणी में, जिनमें एग्रो फोरेस्ट्री के चलते किसानों की जमीन पर 2 लाख 31 हजार पौधे लगाएगा। शहरी क्षेत्र में सड़कों के किनारे ग्रीन बेल्ट पर 1250 पौधे लगाए जाने की प्लानिंग की गई है। आरडीएफ स्कीम यानि सरकारी जमीन पर साढ़े 28 हजार पौधे लगाए जाएंगे। वहीं, 930 हेक्टेयर में 9 लाख 82 हजार 250 पौधे लगाने की तैयारी की जा रही है।